हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–177 : जौनपुर, गुरुवार 16 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अंतर प्रांतीय इनामी डकैत गिरफ्तार : कब्जे से मोबाइल फोन सिम कार्ड और लूट का पैसा बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वाट/सर्विलांस टीम लाइनबाजार व केराकत पुलिस द्वारा कुख्यात इनामिया अंतरप्रान्तिय शातिर डकैत को कोलकाता एनडी गेस्ट हाउस रतन सरकार पार्क पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है।इनके कब्जे से डकैती के नगद रुपये व मोबाइल, सिम बरामद किया है।मामले का गुरुवार को खुलासा करते हुए एडीजी राम कुमार ने बताया कि अपराध को रोकथाम एवं अपराधियो पर प्रभावी नियंत्रण एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक लाइनबाजार, प्रभारी निरीक्षक केराकत, प्रभारी स्वाट/सर्विलांस की टीम द्वारा कुख्यात इनामिया अंतरप्रन्तिय शातिर डकैत सुबाष यादव पुत्र गुरु निवासी बंबावर थाना केराकत तथा जिलेदार यादव पुत्र स्वर्गीय मुरली निवासी प्यारेपुर थाना सुजानगंज को कोलकाता पश्चिमबंगाल से गिरफ्तार किया गया है।इनके कब्जे से सतना मध्य प्रदेश में हुई डकैती का नगद रुपया बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी निरीक्षक लाइनबाजार, प्रभारी निरीक्षक केराकत, प्रभारी स्वाट/सर्विलांस की टीम गठित कर इनको गिरफ्तार करने के लिये लगाया गया था, जिनके द्वारा थाना क्षेत्र केराकत व थाना क्षेत्र चन्दवक में की गयी लूट व उद्यापन की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर बदमाशों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था की इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शातिर कुख्यात इनामिया अंतरप्रान्तिय बदमाश सुभाष यादव व जिलादार यादव जिनके द्वारा केराकत, चन्दवक व जौनपुर के विभिन्न जनपदों में लूट,डकैती व रंगदारी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है तथा अपने गिरोह के साथ मिलकर होली से ठीक पहले जनपद सतना मध्य प्रदेश में मुनिम की हत्या कर कैश वैन से डकैती किया था



जो कोलकता पश्चिम बंगाल में छुपा हुआ है। टीम द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए अनुमति प्राप्त कर एनडी गेस्ट हाउस रतन सरकार पार्क कोलकाता पश्चिम बंगाल से उक्त दोनों शातिर अभियुक्तों को दिनांक को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से सतना मध्य प्रदेश की डकैती की घटना के नगद रुपये व मोबाइल फोन बरामद हुए। अभियुक्तों ने पुछताछ में बताया कि हमलोग कोलकाता पश्चिम बंगाल के रास्ते बंगला देश भागने की फिराक में थे। इनके पास से मोबाइल फोन सिम कार्ड व लूट के रुपए बरामद किया गया है। इनके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में दर्जनों अपराधी का हत्या लूट डकैती जैसे मामले दर्ज हैं उनकी गिरफ्तारी से अपराध को बढ़ावा देने में अंकुश लगेगा।

## आतंक का पर्याय बन चुके सुभाष यादव गैंग का अपराधी आनंद सागर पुलिस मुठभेड़ में ढेर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरकार द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहे पुलिस विभाग द्वारा अपराधियों को आए दिन काउंटर किया जा रहा है चाहे वह उत्तर प्रदेश का प्रादेशिक या किसी अन्य प्रदेश का अपराधी हो मध्यप्रदेश में विगत काफी समय में आतंक का पर्याय बन चुके सुभाष यादव गैंग का अपराधी आनंद को गुरुवार सुबह जौनपुर व मध्यप्रदेश व सतना पुलिस के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया। विदित हो 10 दिन पहले ही सतना मध्य प्रदेश में इस गैंग द्वारा हत्या के साथ 15 लाख की डकेती को अंजाम दिया गया था जिसमें मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा इनाम घोषित किया गया था।उक्त गैंग के द्वारा जौनपुर, वाराणसी, आजमगढ़, सतना व आदि जनपदो में लगातार संगीन घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था।गुरुवार सुबह बक्शा थाना अंतर्गत अलीगंज के पास तड़के हुई मुठभेड़ में घायल बदमाश आनंद को हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया गया।

इस मामले में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अजयपाल शर्मा ने



बताया कि जनपद में जो भी अपराधी है इनको चिन्हित किया जा रहा है। इसी क्रम में यह जानकारी मिली थी कि सुभाष गैंग का एक अपराधी जो आजमगढ़ जौनपुर इलाहाबाद आदि जनपदों में घटना को अंजाम दे रहा है मध्यप्रदेश और सतना पुलिस का इसका पीछा कर रही थी आज इसे जौनपुर बक्सा थाना अंतर्गत बक्सा पुलिस मध्य प्रदेश व सतना पुलिस द्वारा मुठभेड़ में एक अपराधी मारा गया है उसका लंबा अपराधिक इतिहास है दो आरोपी गिरफ्तार हैं उनके बारे में जांच पड़ताल की जा रही है इसके के बारे में और जानकारी दी जाएगी मारे गए बदमाश के ऊपर सतना मध्य प्रदेश में 30 हजार का इनाम घोषित है।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## विधुत विभाग के कर्मचारियों का चौथे दिन कार्य बहिष्कार जारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विद्युत विभाग के कर्मचारियों का अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार चौथे दिन 132 के0वी0 अधिक्षण अभियन्ता कार्यालय जौनपुर के परिसर में प्रातः 10:00 बजे से 05:00 बजे तक विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले मनीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्य बहिष्कार हुआ।, जिसमें जनपद के ऊर्जा क्षेत्र के सभी कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, सहायक अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता एवं निविदा कर्मियों ने भारी संख्या में भाग लिया। ऊर्जा मंत्री से संयुक्त संघर्ष समिति की वार्ता विफल होने पर कर्मचारियों द्वारा जोरदार नारेबाजी की गयी तथा प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी, तानाशाही पूर्ण रवैये के विरूद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। सभा को श्री निखिलेश सिंह द्वारा सम्बोधित किया गया एवं कहा गया कि ऊर्जा प्रबन्धन कर्मचारियों के हितो को ध्यान में न रखकर मनमाने ढ़ंग से कार्य कर रही है, जो जन विरोधी एवं विद्युत कर्मचारी है। सभा में ई0 अभिषेक केसरवानी, ई0 जितेन्द्र, अभिषेक सिंह, रण बहादुर यादव, मोहन पान्डेय, चन्द्रशेखर आजाद, अशोक पटेल, आदि ने अपने विचार व्यक्त किये तथा कहा गया कि सरकार कर्मचारी की मांग नहीं सुन रहीं है तथाा मनमाने रूप से कार्य कर रही है एवं कर्मचारियों को जानबूझ कर लगातार प्रताड़ित कर रही है चाहे अब हमे गिरफ्तार करें या दमन करें हम कर्मचारी जनहित में अब नहीं झुकेंगे और यह आन्दोलन तब तक चलेगा जब तक हमारी मांगे मान नहीं ली जाती है। सभा में ई0 सौरभ मिश्रा, ई0 रवीन्द्र पासवान, ई0 अशोक कुमार सिंह, ई0 धर्मेन्द्र मौर्या, ई0 अनीश कुमार यादव, ई0 संजय लाल प्रजापति, ई0 आतिश यादव, ई0 गुलाब चन्द राम, अश्वनी श्रीवास्तव, विश्राम मौर्या, निधि श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, जितेन्द्र, संजय लाल प्रजापति, अमित खरे ,सागर श्रीवास्वत, प्रभात पाण्डेय, रविन्द्र सिंह, कामता यादव, गिरीश यादव, अरविन्द मिश्रा, कमलाकान्त मिश्रा, लक्ष्मीकांत विश्वकर्मा, विजय चौहान, विजय यादव, प्रीतम श्रीवास्तव संतराम एवं भारी संख्या में अधिकारी/कर्मचारी एवं निविदाकर्मी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन बिजली कर्मचारी संयुक्त सघर्ष समिति के संयोजक श्री निखिलेश सिंह द्वारा किया गया।

## इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर लखनऊ में लगाएगा वास्तु और गृह सज्जा उत्पादों की सबसे बड़ी प्रर्दशनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर लखनऊ रीजनल चौप्टर (आईआईआईडी एलआरसी) और आकार इंफोमीडिया (एआईएम) ने लखनऊ की कला, संस्कृति और विरासत का उत्सव मनाने की योजना बनाई है। एक सप्ताह तक चलने वाला कार्यक्रम आईडीसीएस डिजाइन वीक डिजाइन को जन–जन तक ले जाने की पहल का शुभारम्भ है। इस उत्सव की शुरुआत 14 मार्च 2023 से एक बड़ी डिजाइन यात्रा के साथ हुई, जो कपूरथला चौराहा से शुरू होकर आशियाना में समाप्त हुई। इस दौरान डिजाइन के महत्व पर रैली, नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए गए। यात्रा में बड़ी संख्या में आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर और प्रतिष्ठित नागरिक शामिल हुए। 15 मार्च को दिलकुशा में फोटोग्राफी और स्केचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें गार्डन, आर्किटेक्चर और इंटीरियर डिजाइन के छात्रों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया संख्या। इस प्रतियोगिता की प्रविष्टियां जनता के देखने के लिए आईडीसीएस प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जाएंगी जिसका आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जा रहा है। लखनऊ वास्तुकला की अमूल्य विरासतों पर जाकर उनकी डिजाइन में चर्चा का आयोजन 16 मार्च 2023 को ला मार्टिनियर कॉलेज, पर किया जा रहा है, जहां प्रख्यात आर्किटेक्ट विरासत के संरक्षण और प्रबंधन में अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करेंगे । आईआईआईडी डिजाइन कंफ्लुएंस एंड शोकेस (आईडीसीएस) का मुख्य कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 17–19 मार्च 2023 के बीच वातानुकूलित हैंगर में आयोजित किया जा रहा है। यह यूपी की अपनी तरह की सबसे बड़ी प्रदर्शनी होगी! यहाँ देश भर के प्रख्यात डिजाइनर और उनके प्रतिनिधि भाग लेंगे और अपने ज्ञान को अन्य प्रतिनिधियों के साथ साझा करेंगे। नवीनतम डिजाइन रुझान, टिकाऊ डिजाइन इत्यादि जैसे विषयों पर आधारित यह वास्तुकला उत्पादों और निर्माण सामग्री की एक बड़ी प्रदर्शनी है। इस प्रदर्शनी में करीब 100 कंपनियां भाग ले रही हैं और अपने नवीनतम उत्पादों और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करेंगी। इस प्रदर्शनी में फर्नीचर, चीनी मिट्टी की चीजें गृह सज्जा उत्पाद, प्रकाश जुड़नार, बिजली के उपकरण, एयर कंडीशनर,फेनेस्ट्रेशन, टाइल्स, सेनेटरी वेयर इत्यादि उत्पाद प्रदर्शित किए जाएगे। प्रदर्शनी में लोगों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम में छात्र कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी जिनमें वास्तु और डिजाइन से जुड़े छात्र और उनके डिजाइन संस्थान भाग लेंगे । कार्यशालाओं में डिजाइन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर वो प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करेंगे।देश के अग्रणी वास्तुकला उत्पाद निर्माता इस




राष्ट्रीय आयोजन के सम्मानित प्रायोजक है। अग्रणी इलेक्ट्रिकल और लाइटिंग निर्माता कंपनी हैवेल्स इसका प्रमुख प्रायोजक है। अन्य प्रायोजक सराना स्टोनेक्स, फिलिप्स, नेक्सियन, बिड़ला सीमेंट, आशीर्वाद हैं पाइप्स, जैक्वार, सेंचुरी प्लाई आदि है। यूपी के इतिहास में आईआईआईडी एलआरसी पहली बार आईआईआईडी डिजाइन एक्सीलेंस अवार्ड्स भी दे रहा है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कोहलर द्वारा प्रायोजित और बजरंग उद्यम द्वारा संचालित है। राज्य में डिजाइनरों को पहचानने और उनकी प्रशंसा करने की यह पहली पहल है। इस मेगा इवेंट का उद्घाटन ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 17 मार्च 2023 को सुबह 10:00 बजे इंदिरा गांधी के प्रतिष्ठान में किया जाएगा। प्रदर्शनी में 500 से अधिक आर्किटेक्ट और इंटीरियर डिजाइनरों के आने की उम्मीद है इस तीन दिवसीय आयोजन में के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे जितिन प्रसाद, लोक निर्माण विभाग के मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार । समापन समारोह का आयोजन भी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 मार्च 2023 को दोपहर 12:30 बजे किया गया है। आयोजकों के बारे में– इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर की स्थापना 1972 में की गई थी। इसके सदस्यों के बीच पेशेवर व्यापार और नैतिकता को हाइलाइट करने के लिए और इंटीरियर डिजाइन पेशे की छवि और जानकारियों का आदान–प्रदान करना, देश और विदेश में समान संगठन बनाना संस्थान के उद्देश्य हैं। आज, 10,000 से अधिक सदस्यों के साथ भारत भर में 33 अध्यायों और केंद्रों में संस्थान के प्रतिनिधि देश के भीतर और बाहर भाईचारा बना रहे हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर के सुपरिभाषित लक्ष्य और उद्देश्य हैं बिरादरी,पेशे और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों की पूर्ति की दिशा में अपना सर्वोत्तम योगदान देना । आकार इन्फोमीडिया प्राइवेट लिमिटेड (एआईएम) एक बी2बी मीडिया और ट्रेडफेयर प्लेटफॉर्म है। 2006 में स्थापित एआईएम विगत डेढ़ दशकों से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर का आधिकारिक प्रकाशक है और भारत का एकमात्र प्लंबिंग पत्रिका इंडियन प्लंबिंग टुडे को भी प्रकाशित कर रहा है। विभिन्न स्थलों पर सम्मेलनों, प्रदर्शनियों और रोड शो का आयोजन करने में एआईएम का व्यापक अनुभव है।

## भाजपा प्रबुद्ध वर्ग के होली मिलन समारोह में गीत संगीत की धूम

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भाजपा प्रबुद्ध वर्ग का होली मिलन समारोह आवास विकास कालोनी स्थित जेके पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ आयोजित किया गया। बच्चों के ग्रुप डांस,सोलो डांस,होली गीत, फिल्मी गानों के बीचखूबधमाल मस्ती हुई। संगीत कार्यक्रम में शुक्लाब्रदर्स, विनायक शुक्ला ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा साथही प्रीतिमा द्विवेदी ने अपने होली गीत से समा बांधा।संगीतकलाकारअमितशुक्ला, हिमांशु मिश्रा,सिंगरअभिषेक ने प्रोग्राम में चार चांद लगाए, प्रसिद्ध बाल कलाकार अनाहिता ने होलीगानों पर मोहक प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र,जिला विद्यालय निरीक्षक वी के दुबे, प्रमोद दुबे, नगरपालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभागप्रचारक कौशलजी, विभागसंयोजक हरिओम,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण शास्त्री, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव रंजनमिश्र, जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमवतीवर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा पीके वर्मा,डॉसुरेश अग्निहोत्री,भाजपा नेता सुभाष पांडेय, सुमित सिंह, बालेन्द्र शर्मा, बलवीर सिंहबाल कृष्णाजिंदल,श्याम श्रीवास्तव,भाजपा जिलाउपाध्यक्ष संदीप सिंह, भाजपानेताअशोक सिंह आजाद, युवा मोर्चाअध्यक्ष आकाश सिंह, त्रिपुरेश मिश्र ब्लाकप्रमुख,विपिन सिंह गौर, सुनील वर्मा, सुनीलशुक्ला,शयमबिहारी त्रिवेदी टिंकू,प्रदीप पाठक,रानू त्रिवेदी,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उदय वीर सिंह गौर,अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह गौर,अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक द्विवेदी,मानवेंद्र सिंह,राजपाल सिंह,अरविंद सिंह भलोद,राहुल सिंह,राजेश श्रीवास्तव, सौरभ खरे, सत्यम तिवारी, नागेंद्र मिश्रा, प्रतिमा मिश्रा, बार एशोसिएशन के सँयुक्त मंत्री,शिवम द्विवेदी, आदर्श पांडेय,सुनील सिंह, अनूप पूरी, शिव सेवक गुप्ता, लखनऊ जिला संगठन मंत्री ऋषभ,मुकेश पांडेय,प्रियम मिश्र,भाजपा नेता,नीरज तिवारी, भाजपा नेता जीतेन्द्र हरिदास, भाजपा नेता अजय अवस्थी, वेंकेटश पाण्डेय,शशिभूषण शोले, धीरेन्द्र मिश्र,रवींद्र पाल सिंह गांधी,जोगेंद्र सिंह गांधी,बलतेज सिंह,घनश्याम श्रीवास्तव,अर्पित द्विवेदी कार्यक्रम का संचालन मनीष मिश्रा,आलोकिता श्रीवास्तव,श्याम जी मिश्र जिला प्रमुख ने संयुक्त रूप से किया।धीरज गुप्ता,नीरज बाजपेई, कैप्टन रामकिशोर शुक्ला,अनुराग अग्रवाल ,डॉ नवीन सकसेना, डॉ हर्ष दुबे,आलोक गुप्ता, परिवार परामर्श केंद्र की निरमा देवी, अमिता मिश्रा,विनीता पांडेय,मंजू गुप्ता,कल्पना गुप्ता,डॉ सोहनी द्विवेदी, सोनिया मिश्रा,भाजपा महिला मोर्चा महांमत्री रीना गुप्ता, परिषा तिवारी,मोहिनी मिश्र,पत्रकार शिव प्रकाश त्रिवेदी, पंकज मिश्र, के के अवस्थी, अरविंद तिवारी, आमिर किरमानी, आलोक सिंह, प्रशांत पाठक, अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक अनुराधा मिश्र, राजीव मोहन ,समता अवस्थी, श्रेय मिश्रा ने किया।

## कारागार एवं होमगार्ड राज्यमंत्री द्वारा बन्दियों से किया गया सीधा संवाद

जौनपुर सू.वि. : कारागार एवं होमगार्ड राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा पूर्वाह्न कारागार में आगमन हुआ। मा0 मंत्री जी द्वारा बन्दियों से सीधा संवाद किया गया। उनके द्वारा बन्दियों में सुधार हेतु गीता के माध्यम से उदाहरणो के द्वारा समझाया गया तथा ज्ञानवर्धक बातें बतायी गयी कि व्यक्ति अपने कर्मों के अनुसार दुःख व सुख प्राप्त करता है। मा0 मंत्री जी के द्वारा बन्दियों के घर से आने वाले मुलाकाती परिजन के सम्बन्ध में पूछा गया तथा कारागार में लम्बे समय से सजा काट रहे बन्दियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। बन्दियों से गायत्री मंत्र, महा मृत्युंजय मंत्र के साथ अन्य धर्मों से सम्बन्धित मंत्रो का जाप करने को कहा गया एवं जाप से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया साथ ही बन्दियों को व्यक्ति के द्वारा किये गये कर्मों के भोग के सम्बन्ध में भीष्म पितामाह एवं माण्डव्य ऋषि का एक उदाहरण देकर समझाया गया कि मनुष्य द्वारा किये गये कर्मों का अच्छा या बुरा फल धरती पर ही मिलता है। कारागार मे महिलाओं के साथ रह रहें बच्चों के बारे में बताया गया कि इन बच्चो का क्या दोष है ? या इनके द्वारा क्या पाप किया गया है कि वह जेल में निरूद्ध है, इस सम्बन्ध में मा0 मंत्री जी द्वारा बताया गया कि यह पूर्व संस्कार की देन है। जिस कारण यह बच्चे जेल में है इसी प्रकार कारागार में निरूद्ध बन्दियों को भी पूर्व संस्कार की देन बताया। उनके द्वारा बन्दियों से अच्छे इंसान बनने के लिए व अच्छा जीवन जीने के लिए कुछ मंत्रो को जाप करने के लिए कहा गया और साथ ही यह भी कहा गया कि आप जब भी कारागार से छूटकर बाहर जायें एक अच्छे इंसान की तरह दूसरो से व्यवहार करें और अपना जीवन अच्छे इंसान की तरह बितायें। मा0 मंत्री जी द्वारा बन्दियों को कौशल विकास के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिये जाने हेतु एवं बन्दियों को प्रशिक्षित किये जाने हेतु विशेष ध्यान देने की बात कही गयी ताकि कारागार से बाहर जाने के उपरान्त वें स्वावलम्बी बन सकें। जिससे अपना एवं अपने परिवार का भरण–पोषण कर सकें। तत्पश्चात् मा0 मंत्री जी द्वारा कारागार में निरूद्ध सभी 42 नफर महिला बन्दियों को दिनचर्या में आने वाली आवश्यक वस्तुओं (साबुन, तेल, कंघी, सेनेटरी पैड, टूथब्रश, टूथपेस्ट आदि) का किट वितरित किया गया एवं महिला बन्दियों के साथ निरूद्ध सभी 06 नफर बच्चो को कपड़े, चॉकलेट व फल वितरित किया गया।

## कायस्थ महासभा का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 2150 जौनपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारीओ का सपथ ग्रहण समारोह में पद एवम गोपनीयता की सपथ राष्ट्रीय अध्यक्ष/संयोजक



मनीष श्रीवास्तव जी ने मुख्य अतिथि डॉ अरुण सक्सेना जी वन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व सौरभ श्रीवास्तव विधायक वाराणसी की मौजूदगी में दिलाई। जिसमे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिलाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट मियांपुर, महासचिव नवीन कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, उपाध्यक्ष पद पर अतुल श्रीवास्तव ऑडिटर दीवानी संघ, विनय कुमार श्रीवास्तव रुहटा, संदीप कुमार श्रीवास्तव,शिव शंकर लाल श्रीवास्तव एडवोकेट ऑडिटर कलेक्ट्रट संघ,अजय श्रीवास्तव एडवोकेट चौक, धर्मेंद्र श्रीवास्तव खरका कॉलोनी,राकेश श्रीवास्तव लाइन बाजार, राजीव श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव ने जिला उपाध्यक्ष पद पर सपथ लिया जिला सचिव पद पर जय कृष्ण लाल श्रीवास्तव एडवोकेट, ,अरुण वर्मा एडवोकेट, अमित श्रीवास्तव एडवोकेट शास्त्री नगर ने जिला सचिव पद पर सपथ ग्रहण किया वही जिला कोषाध्यक्ष पद संजीव कुमार श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी अभय कुमार श्रीवास्तव युवा जिलाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव महिला जिलाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव ने सपथ ग्रहण किया साथ में ग्यारह जिला कार्यसमिति सदस्यों ने भी सपथ ग्रहण किया। इन लोगों के सपथ लेने पर कायस्थ महासभा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एडवोकेट राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया प्रदेश सचिव उमेश श्रीवास्तव फूफा ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दिया उक्त अवशर पर चित्रांश समाज के हजारों लोग मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# हिमालय के लिए भूकंप आपदा न बने

हिमालयी क्षेत्र में जान–माल का नुकसान न होने पर भी भूकंप वहां की जैव–विविधिता पर असर डालते हैं और भूस्खलनों को प्रेरित करते हैं।

शायद ही कभी ऐसा होता होगा कि किसी आपदा के बाद प्रभाव का आकलन करने वाले दल उन क्षेत्रों में जाते होंगे, जहां लोगों का आवास नहीं है और केवल बर्फ, जंगल, झील हैं। इसका कारण है कि हम गैर आबादी वाले क्षेत्र को आपदा प्रभावित नहीं मानते। नदियों, वनों, हिमाच्छादित चोटियों पर संकट का क्या प्रभाव पड़ा और उससे उसे कैसे उबारा जाएगा–इसे जानने के प्रयास शायद ही होते होंगे।

भूकंपों के मामले में जब यह खबर मिलती है कि जान–माल की कोई क्षति नहीं हुई, तो हम काफी आश्वस्त महसूस करते हैं। जान–माल की क्षति में जानवरों का विवरण होता ही नहीं है। इस सोच का खामियाजा हिमालय भी भुगतता है। हिमालय जैसी अधिकांश पर्वत मालाएं वैश्विक जल मीनारें हैं, जैव–विविधताओं का भंडार हैं एवं क्षेत्रीय व वैश्विक जलवायु नियामक भी हैं। प्राकृतिक, मानवकृत व मानव गतिविधि प्रेरित आपदाओं से ये भी सहज प्रभावित होते हैं।

चूंकि यहां मानव बस्तियों की भीड़ व आवाजाही नहीं होती है, इसलिए जन–धन हानि की खबरें नहीं आतीं। जैसे–सात मार्च, 2023 के पहले के लगभग दो माह में उत्तराखंड में 13 ऐसे भूकंप आए, जिन्हें लोगों ने महसूस भी किया, पर खबरों में यही बताया गया कि इनसे जान–माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। उत्तराखंड में वर्ष 2015 से ही हर महीने औसतन हल्के भूकंप के झटके आ रहे हैं। एक जनवरी, 2015 से मार्च, 2018 के बीच ही करीब 59 हल्के भूकंप के झटके उत्तराखंड में आए थे।

हिमालय का अधिकांश घने वनों और ग्लेशियरों का क्षेत्र है। ये ही निर्जन क्षेत्र पहाड़ों में भू–आकृतियों, संसाधनों, जैव–विविधताओं की विशिष्टताओं, पहाड़ों में मौसम को बनाने व बदलने के साथ ही हिमालय को तीसरा ध्रुव एवं एशिया का जलमीनार बनाते हैं। हिमालय जैसी पर्वत मालाएं जीव–जंतुओं व वनस्पतियों के अधिवास होते हैं। इन पर आई आपदाओं से अधिवासों की स्थिति और उनके पारिस्थितिकीय संतुलन पर असर पड़ता है।

हिमालयी क्षेत्र में जान–माल का नुकसान न होने पर भी भूकंप भूस्खलनों को प्रेरित करते हैं, जिसके मलबे से नदी का प्रवाह बंद हो सकता है, कृत्रिम झीलों का निर्माण शुरू हो सकता है और मटमैले पानी के जलचरों की जैविक क्षमताओं पर असर पड़ता है। भूकंपों से वनस्पति समुदाय भी स्थानांतरित हो सकते हैं। जंगली जानवर अपने घोंसलों व आवासों को छोड़ देते हैं और पालतू पशु भी बेचैन हो जाते हैं। भूकंपों से वन्य प्राणी सीधे मरते व चोटिल होते हैं, तो हम यह कहते हुए कितना सही हैं कि अमुक छोटे या बड़े भूकंप से जान–माल की कोई हानि नहीं हुई है।

लगातार आते हल्के भूकंपों से क्षेत्रीय भू–आकृतियों में आए परिवर्तन भूमिगत या धरातलीय जलप्रणालियों को भी प्रभावित कर देते हैं। भूमिगत भूखंडों के बीच की सक्रिय खाइयां और चौड़ी हो सकती हैं। हिमालयी निर्जन क्षेत्रों में प्राकृतिक जलाशयों व जलस्रोतों की कमी नहीं है, जिनका उपयोग नागरीय जल आपूर्ति के लिए भी किया जाता है। निर्जन क्षेत्रों में हिमनदों से बनते जलाशयों की भी कमी नहीं है। इन झीलों को भी भूकंप से नुकसान होता है। भूकंपों के कारण तरंगें प्राकृतिक निर्जन क्षेत्रों के जलाशयों में भी उठ सकती हैं। समुद्र तलहटियों के नीचे के भूकंप सुनामी तो पैदा करते ही हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भूकंप जैसी आपदाओं में गैर आबादी वाले क्षेत्रों की अनदेखी कितनी महंगी पड़ सकती है।

22 फरवरी, 2021 को संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरणीय सभा को संबोधित करते हुए महासचिव अंतोनी गुतरेस ने कहा था कि हमें भूकंपों के बाद निर्जन क्षेत्रों की भी पारिस्थितिकीय हानियों को कम से कम उपग्रहीय माध्यमों से जानने की कोशिश करनी चाहिए। ऐसा न हुआ, तो समझिए कि अगली आपदा आपका दरवाजा खटखटाने वाली है। अतः छोटे–बड़े भूकंपों से प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ने वाले असर का लेखा–जोखा रखने की प्रणाली भी उत्तराखंड जैसे राज्य में विकसित करने का प्रयास होना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## पति के दूसरी शादी करनें पर जुड़वा बच्चों के साथ ससुराल में धरने पर बैठी महिला

सोनभद्र ब्यूरो : सोनभद्र के मानपुर गांव में एक महिला अपने दो जुड़वा बच्चों के साथ ससुराल के सामने धरने पर बैठ गई है। महिला का आरोप है कि पति ने दूसरी शादी कर ली है। वह उसे भरण–पोषण के लिए गुजारा भत्ता भी नहीं दे रहा। दो दिन से महिला के धरना देने की सूचना पाकर बुधवार को पुलिस और प्रोबेशन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर मामले की जानकारी ली। महिला रीमा (30) के मुताबिक वर्ष 2013 में उसकी शादी मानपुर गांव में



रजनीश के साथ हुई थी। पति की प्रताड़ना से तंग होकर वह मायके चली गई। उसे पांच वर्ष के दो जुड़वा बच्चे भी हैं। पति से गुजारा भत्ता पाने के लिए महिला ने परिवार न्यायालय में वाद दायर किया है। पति की दूसरी शादी की खबर लगते ही पहुंची आरोप है कि इसकी सुनवाई के बीच ही पति ने झारखंड निवासी महिला के साथ दूसरी शादी कर ली। इसकी जानकारी मिलते ही अपने दोनों बच्चों को लेकर महिला मंगलवार को मानपुर पहुंची। ससुराल में चौखट पर धरने पर बैठ गई। परिजन महिला के पति और नवविवाहिता को घर में अंदर कर घर में ताला बंद कर फरार हो गए। बुधवार को मामले की जानकारी होने पर सदर कोतवाली पुलिस और प्रोबेशन विभाग की टीम मौके पर जांच के लिए पहुंची। काफी समझाने के बाद भी महिला जिद करती रही कि वह न्याय मिलने तक यहां से नहीं हटेगी। इस संबंध में सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि मानपुर गांव में महिला पति की दूसरी शादी से नाराज होकर धरने पर बैठी थी। मामला कोर्ट में लंबित है। पुलिस की और प्रोबेशन विभाग की ओर से जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला अपने भाई के घर बच्चों के साथ जाने को तैयार है।

## कोल्ड स्टोर की छत ढही : 20 से 25 लोगों के दबे होनेकी आशंका : मलबा हटा रहीं मौके पर जेसीबी

लखनऊ ब्यूरो : संभल के चंदौसी स्थित इस्लाम नगर रोड पर आलू से भरे आर कोल्ड स्टोर की छत अचानक गिर पड़ी। छत के मलबे और आलू के नीचे, वहां काम कर रहे 20–25 मजदूरों के दबने की आशंका है। मौके पर करीब 8 जेसीबी मलवा हटाने में लगी हैं। आसपास लोगों की भारी भीड़ लगी है। डीएम–एसपी मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य कराने में लगे हैं। चंदौसी में इस्लाम नगर रोड पर एआर कोल्ड स्टोर में रैक बनाकर आलू भरा जा रहा था। रैक ओवरलोड होने के कारण गिर पड़ी। उसके साथ कोल्ड स्टोर की छत भी नीचे आ गिरी। आलू व छत के मलबे में करीब 20 से 25 मजदूरों के दबने की आशंका है। घटना से आक्रोशित लोगों ने कोल्ड स्टोर के केबिन में तोड़फोड़ की। सूचना पर प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। करीब 8 जेसीबी को मलबा हटाने के लिए लगाया गया है। इस दौरान लोगों की पुलिस प्रशासन से नोकझोंक भी हुई। स्थानीय लोग भी मलबा हटाने में लगे हुए हैं। बचाव कार्य के लिए फायर कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के एंबुलेंस व अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। कर्मचारियों ने बंद की अमोनिया गैस कोल्ड स्टोर में हादसे



के बाद अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा था। मौके पर पहुंचे अग्निशमन अधिकारी व कर्मचारी मास पहन कर अंदर घुस गए और रिसाव हो रही अमोनिया गैस को बंद किया। ग्रामीणों ने एक मजदूर को सकुशल निकाला जेसीबी द्वारा मलबा धीमी गति से हटाए जाने को लेकर ग्रामीणों व मजदूरों के परिजन आक्रोशित हो उठे। इस दौरान वह खुद ही मलबे के ऊपर चढ़ गए और वहां से बोरियां हटानी शुरू कर दी। इसके बाद किनारे पर दबे एक मजदूर को उन्होंने सकुशल निकाल लिया। उसे वहां से सीएचसी भेज दिया गया है। उसके मामूली खरोंच थी।

## जनता की अदालत में एलडीए अफसर ने बुजुर्ग फरियादी को जड़ा थप्पड़ : गाल के पास फटा मांस

लखनऊ ब्यूरो : एलडीए की जनता अदालत में बृहस्पतिवार को ऐशबाग निवासी बुजुर्ग मुकेश शर्मा को थप्पड़ मार दिया जिससे उसके कान से खून निकल आया। बुजुर्ग के अनुसार वह पिछले करीब 19 साल से अपने मकान पर कब्जे को लेकर एलडीए में संघर्ष कर रहा है। इसके बावजूद उसको न्याय नहीं मिल रहा है। इस पर वह एलडीए की जनता अदालत में अपनी फरियाद लेकर आया था। अधिकारियों से जब वह अपनी बात कर रहा था तो इस मौके पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। एलडीए के विशेष कार्य अधिकारी डीके सिंह ने उसको एक जोरदार थप्पड़ मार दिया। इससे उसका चश्मा छिटक कर दूर गिरा। गाल के पास मांस फट गया और खून बहने लगा। शोरशराबा होने पर उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और उन्होंने



बुजुर्ग की बात सुनी। इस बीच डीके सिंह मौके से फरार हो गया। अधिकारियों का कहना है कि बुजुर्ग भी उनसे बदसलूकी कर रहा था। इस मामले में मौके पर तैनात गोमतीनगर पुलिस ने बुजुर्ग की तहरीर लेकर डीके सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान : प्रिंसिपल सहित शिक्षकों पर केस दर्ज : बेटी को अपमानित किया गया – अभिभावक

लखनऊ ब्यूरो : वायरलेस कॉलोनी में मंगलवार को 11वीं की छात्रा ने फांसी लगा ली। परिजनों ने रानी लक्ष्मी बाई की सर्वोदयनगर शाखा के प्रिंसिपल समेत शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज कराई है। उनका दावा है कि स्कूल प्रशासन ने छात्रा को नकल करते पकड़ने की बात कहकर मारा–पीटा व जलील किया। इससे क्षुब्ध होकर उसने जान दे दी। पुलिस ने नामजद आरोपियों से पूछताछ के साथ सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लिए हैं। दरोगा प्रदीप कुमार के मुताबिक उनकी बेटी ईशा (18) आरएलबी सर्वोदयनगर से पढ़ाई कर रही थी। उसकी परीक्षाएं चल रही हैं। प्रदीप ने बताया कि दोपहर 12 बजे स्कूल से कॉल आई। बात करने वाली महिला ने अपना नाम रंजना सिंह बताया। उसने कहा, आपकी बेटी नकल कर रही थी। जल्दी से स्कूल आ जाइए। इस पर ईशा की मां स्कूल गई, लेकिन छुट्टी के बाद बेटी नहीं मिली तो वह घर लौट आई और पति को जानकारी दी। प्रदीप स्कूल पहुंचे तो ईशा एक कमरे में अकेली बैठी थी। उसे देखकर लग रहा था कि उसकी पिटाई हुई है। प्रदीप बेटी को घर लेकर आ गए। कुछ देर बाद ईशा ने अपने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। महानगर इंस्पेक्टर केके तिवारी ने बताया कि प्रदीप की तहरीर पर स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षिका रंजना सिंह व अन्य अज्ञात शिक्षिकों पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। बेटी के साथ मुझे भी अपमानित किया प्रदीप ने बताया कि जब वह स्कूल पहुंचे थे तो ईशा अकेले पेपर दे रही थी। उससे बात करने का प्रयास किया तो शिक्षकों ने रोक दिया और प्रिंसिपल के कमरे में ले गए। ईशा को भी वहां बुलाया गया। प्रदीप ने आरोप लगाया कि प्रिंसिपल ने उन्हें व ईशा को जलील किया। अभद्र व्यवहार से ईशा परेशान हो गई थी। जांच पर सामने आ जाएगी सच्चाई स्कूल के निदेशक निर्मल टंडन का कहना है कि परीक्षा के दौरान छात्रा के पास से पर्ची मिली थी। इस पर शिक्षिका उसे प्रिंसिपल के पास लेकर गई थी। प्रिंसिपल ने छात्रा से कुछ कहने के बजाय अभिभावक को बुलाया था। उनसे भी छात्रा से कुछ न कहने की बात कही गई थी। पूरा प्रकरण सीसीटीवी में कैद है। जांच पर सच्चाई सामने आ जाएगी।

## संदिग्ध मरीजों की भीड़ में इंफ्लुएंजा का एक केस पुष्ट : भेजा घर

अलीगढ़ ब्यूरो : इंफ्लुएंजा के शोर के बीच बुखार पीडिघ्तों में आ रहे संदिग्ध मरीजों की जांच जेएन मेडिकल कॉलेज में शुरू हो गई है। इस दौरान हल्के लक्षण वाला एक मरीज पुष्ट हुआ है। इधर, दीनदयाल अस्पताल के कोविड वार्ड में ऐसे मरीजों को भरती रखने के इंतजाम किए जा रहे हैं। बदले मौसम के बीच हालात ये हैं कि मेडिकल व जिला अस्पताल में बुखार पीडिघ्तों की संख्या ज्यादा आ रही है। ऐसे में उन्हें जागरूकता सलाह के साथ उपचार दिया जा रहा है। इनमें जरूरत पर बच्चों को अस्पतालों में भरती भी किया जा रहा है। जेएन मेडिकल कॉलेज की लैब में इंफ्लुएंजा वायरस सहित अन्य वैक्टेरियल संक्रमण की जांच शुरू कर दी गई है। यहां बुखार पीडिघ्त मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। औसतन अकेले मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में 300 मरीज आ रहे हैं। जो इंफ्लुएंजा के संदिग्ध माने जा रहे हैं। हालांकि जांच में अभी तक पुष्टि नहीं हुई। इसी तरह दीनदयाल व जिला अस्पताल की ओपीडी में भी बुखार पीडिघ्त व संदिग्ध मरीज काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। दीनदयाल के कोविड वार्ड को इंफ्लुएंजा के लिए तैयार किया जा रहा है। जहां जरूरत पर मरीजों को भरती किया जा सके। इसमें सभी कोविड प्रोटोकॉल का ध्यान रखा जा रहा है। इसे लेकर जेएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डा.राकेश भार्गव कहते हैं कि उन्होंने पूरी व्यवस्था कर ली है और जांच शुरू करा दी है। अभी तक कोई मरीज भरती नहीं है। साथ में बाजार में वैक्सीन की डिमांड भी बढ़ गई है। सीएमओ डा.नीरज त्यागी कहते हैं कि कोविड वार्ड में ही मरीजों को भरती करने की प्रक्रिया की जा रही है। जांच के लिए लैब स्टाफ को प्रशिक्षण की तैयारी है। इधर, बुधवार को दीनदयाल व जिला अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ रही। मगर डॉक्टरों की कमी के कारण मरीज दिन भर परेशान रहे। जैसे तैसे ओपीडी में उन्हें उपचार देकर काम चलाया गया। जांच में पुष्टि पर मरीज को भेजा गया घर मेडिकल कालेज में पिछले कई दिनों से आ रहे संदिग्ध मरीजों के बीच अब जांच में एक मरीज की रिपोर्ट पुष्ट हुई है। वायरस की पुष्टि होने के बाद मरीज को दवाइयां देकर घर पर आराम करने का परामर्श दिया गया। जेएन मेडिकल कॉलेज में तेजी से संदिग्ध मरीज पहुंच रहे है। इस वायरस से होने वाले संक्रमण में तेज बुखार, सांस लेने में तकलीफ, थकान और सूखी खांसी आदि की समस्या उत्पन्न हो रही है। कई मरीजों में ज्यादा लक्षण होने व परेशानी का अधिक सामना करने के चलते जांच कराई जा रही है। इसी जांच में एक मरीज की रिपोर्ट पुष्ट हुई है। कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर राकेश भार्गव का कहना है कि कॉलेज की लैब में हल्के लक्षण वाले लगातार मरीज आ रहे हैं। किसी को भरती करने की जरूरत नहीं हो रही। एक मरीज की पुष्टि हुई थी। लक्षण हल्के होने पर उसे घर पर ही उपचार की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध मरीजों में बच्चों व बुजुर्गों की संख्या अधिक है।

## सिपाही फंसा तो अफसरों का खुला चिट्ठा : अशरफ से मुलाकात कराने पर आरक्षी ने बयां की हकीकत

लखनऊ ब्यूरो : माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ से बरेली जेल के अधिकारियों की अनुमति पर आरक्षी शिवहरि मुलाकातियों को मिलवाता था। ये मुलाकातें जेल परिसर के मल्टीपरपज हॉल के सामने बने गोदाम में होती थीं। जेल अधिकारियों के बयान में सामने आया है कि शिवहरि और मनोज गौड़ संदिग्ध प्रवृत्ति के थे और उनकी अपराधियों से साठगांठ रहती थी। जांच में कुछ ऐसे नए लोगों के नाम भी सामने आए हैं जो अशरफ से मिलने जेल आए थे। अब इस बात पर हैरानी जताई जा रही है कि जिन जेल अफसरों को इन गैरकानूनी मुलाकातों को रोकना था, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के बजाय केवल निलंबन और विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की गयी है। जेल में बंद निलंबित आरक्षी शिवहरि ने डीआईजी के सामने बयान दिया कि मुलाकातियों को अशरफ से मिलवाने का काम मैं जेलर राजीव मिश्रा और डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह के निर्देश पर करता था। अधिकारियों के कहने पर ही अशरफ के मुलाकातियों की आईडी उनके सम्मुख प्रस्तुत करता था। तीन–चार आईडी पर 6–7 लोगों की गोदाम में मुलाकात कराई जाती थी। इसकी जानकारी समस्त जेल अधिकारियों को थी। मुलाकातियों को सद्दाम और लल्ला गद्दी लेकर आते थे, जिनको जेल अधिकारी पहले से जानते थे। लल्ला गद्दी बरेली जेल में पहले निरुद्ध रह चुका है। वहीं शिवहरि के साथ गिरफ्तार किए गये सब्जी विक्रेता दयाराम ने बयान दिया कि उसने कभी अशरफ को देखा तक नहीं है। जेल के बाहर दुकान लगाने वाले विक्की तथा जेल वार्डर रामनरायन ने मेरी पहचान अशरफ के साले सद्दाम से कराई थी। सद्दाम अशरफ के लिए बिल्ली का चारा, नमकीन, बिस्कुट, पान आदि लेकर आता था, जिसे कैंटीन के सामान के साथ जेल के अंदर भेजा जाता था। ये सामान मैं लम्बरदार लाला राम को दे देता था।




वहीं लालाराम ने अपने बयान में अशरफ तक सामान पहुंचाने की बात कबूली है। दो घंटे तक चली थी अशरफ से मुलाकात जांच में सामने आया है कि अजहर ने 11 फरवरी को मुलाकात के लिए आवेदन किया जिसके साथ असद का आधार कार्ड भी पर्ची के साथ पाया गया। वहीं 11 फरवरी के सीसीटीवी फुटेज देखने से पता चला कि दोपहर 1.22 बजे सात–आठ लोग जेल आए थे। करीब दो घंटे बिताने के बाद दोपहर 3.14 बजे सभी जेल से बाहर चले गए। अशरफ को पहले से नहीं जानते थे राशिद और फुरकान बरेली पुलिस ने जेल में मुलाकात करने वाले जिस राशिद और फुरकान को गिरफ्तार किया था, वह अशरफ को पहले से नहीं जानते थे। वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध डीआईजी जेल बरेली रेंज की रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ जेल अधीक्षक राजीव कुमार शुक्ला का अधीनस्थों पर कोई नियंत्रण नहीं था। वहीं जेलर राजीव कुमार मिश्रा अशरफ के मुलाकात आवेदनों पर हस्ताक्षर करने से बचते रहे। बरेली जेल के दूसरे जेलर अपूर्वव्रत पाठक ने अपने बयान में कहा कि 31 अगस्त से बंदियों की मुलाकात कराने का जिम्मा डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह का था जबकि मुलाकात के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी जेलर राजीव कुमार मिश्रा संभाल रहे थे।

## राजस्थान में नौ साल तक काम करने वाले शिक्षामित्रों का मानदेय रूपया –29,600 : यूपी में भी उठी मांग

लखनऊ ब्यूरो : शिक्षामित्रों ने राजस्थान सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी संविदा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि का मुद्दा उठाया है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया है कि राजस्थान सरकार ने नौ वर्ष तक काम करने वाले सभी संविदा कर्मियों का मानदेय 29,600 करने की घोषणा की है। इसी तरह 18 वर्ष की संविदा अवधि पूरा करने वाले कर्मियों का मानदेय 51,600 रुपये करने की घोषणा की गई है। उत्तर प्रदेश में भी इस तरह की व्यवस्था जा सकती है। संघ के प्रदेश मंत्री कौशल कुमार सिंह ने कहा है कि 10 हजार रुपये मानदेय में शिक्षामित्रों का घर कैसे चल रहा है, इस पर ध्यान देना जरूरी है। महंगाई के कारण परिवार का भरण–पोषण करना मुश्किल हो रहा है। जबकि




शिक्षामित्र, सामान्य शिक्षकों की तरह निपुण लक्ष्य प्राप्त करने समेत सभी काम में 100 फीसदी सहभागिता निभाते हैं। शिक्षण कार्य में भी अपना पूरा योगदान दे रहे हैं। ऐसे में शिक्षामित्रों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाना चाहिए।

## एकल अभिभावक अफसरों को भी दो वर्ष का बाल्य देखभाल अवकाश देने का प्रस्ताव : केंद्र ने राज्यों से मांगी राय

लखनऊ ब्यूरो : एकल अभिभावक की जिम्मेदारी निभा रहे अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों (आईएएस, आईपीएस व आईएफएस) को भी दो वर्ष (730 दिन) का बाल्य देखभाल अवकाश (सीसीएल) सुविधा देने का प्रस्ताव है। हालांकि प्रोबेशन अवधि में यह सुविधा न देने की योजना है। केंद्र सरकार ने इन प्रस्तावों पर राज्यों की राय मांगी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस पर अपनी सहमति दे दी है। केंद्रीय कर्मचारियों को इस तरह की सुविधा पहले ही उपलब्ध कराई जा चुकी है। सूत्रों ने बताया कि बाल्य देखभाल अवकाश की मौजूदा व्यवस्था में कई महत्वपूर्ण बदलाव प्रस्तावित हैं। केंद्र सरकार इसके लिए अखिल भारतीय सेवा अवकाश नियम–1955 में संशोधन करने जा रही है। प्रस्तावित संशोधन पर गत फरवरी में राज्यों की राय व सुझाव मांगे गए थे। यूपी सरकार ने रूल में प्रस्तावित सभी पांच संशोधनों पर सहमति दे दी है। अब केंद्र सरकार आगे की कार्यवाही करेगी। पुरुष अभिभावक को अविवाहित, विधुर या तलाकशुदा के रूप में शामिल किया गया है। 18 वर्ष तक के दो बच्चों की पढ़ाई या बीमारी जैसी स्थितियों में यह सुविधा उपलब्ध होगी। केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस छुट्टी का दुरुपयोग बढ़ गया था। प्रस्तावित बदलाव से इसके अनावश्यक उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकेगा।

# मानवाधिकार जनसेवा परिषद का होली मिलन समारोह आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – ''समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को आत्मनिर्भर तथा स्वावलंबी बनाने के लिए मानवाधिकार जनसेवा परिषद हर सम्भव प्रयास करेगा'' यह जानकारी मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने दी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरला शर्मा ने गणपति वन्दना ''सभी देवों ने फूल बरसाए..'' तथा कुसुम वर्मा ने होली गीत ''ओ कान्हा होली खेलन आये तेरे द्वार'' प्रस्तुत किए। होली मिलन समारोह में सभी महिलाओं ने आपस में खूब फूलों की होली खेली तथा होली के गानों पर डांस कर मस्ती में झूमीं। उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि महिलाओं की आत्मरक्षा के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जायेगी। कार्यक्रम में एडवोकेट नीलम मिश्रा, रेखा शर्मा, कार्तिका माथुर, बीना सिंह, शालिनी सिंह, रेनू तिवारी, सरिता त्रिपाठी, सुमन लता सिंह, रेनू श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव, शिव देवी, सुधा सिंह, मेनका उपाध्याय, कुसुम वर्मा, राखी श्रीवास्तव, राज कुमारी श्रीवास्तव, नीतू पाल, बीना वर्मा सहित कई अन्य लोग शामिल थे। इस अवसर पर मानवाधिकार जनसेवा परिषद



के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने कहा कि परिषद महिलाओं के अधिकारों तथा सुरक्षा के प्रति सजग है तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कृत संकल्पित है। मानवाधिकार जनसेवा परिषद लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा, जन समस्याओं के निवारण, लोगों को कोरोना से बचाव हेतु वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन, गरीबों को वस्त्र व कम्बल वितरण आदि किया गया है। परिषद के उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में रितेश शर्मा, रवि प्रताप, अर्थ शर्मा, रणविजय सिंह, लवलेश कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# समाजसेविका उर्वशी सिंह को वूमेन एक्सीलेंस अवार्ड से किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर 13 मार्च को लखनऊ बुध्दा इंटरनेशनल इंस्टीटयूट गोमती नगर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें जौनपुर से समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट अध्यक्ष उर्वशी सिँह को सम्मानित किया, उर्वशी सिंह ने कहा कि महिलाओ को ऐसे सम्मानित करके लोग एक दूसरे का हौसला बढ़ाते हैं, आज ये सम्मान पाकर बहुत गौरवांवित महसूस कर रही हू, उर्वशी सिँह ने पूरे कोरोना के महामारी मे 2 साल से लगातर कहीं ना कहीं से लोगों की मदद करती रही, आज भी जब किसी को खून की जरूरत पड़ती हो या कोई मेडिकल समस्या हो या महिलाओं को कोई जरूरत हो तो बिना समय देखे अपने स्तर तक कार्य करके लोगों की मदद करती रहती है, उर्वशी सिँह समय समय पर जागरूकता संदेश और महिलाओ और बच्चियों को आत्म निर्भर बनाने और जागरूक करने के लिए बहुत सारे कार्यक्रम करती रहती है, उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है जिसके लिए विगत कई वर्षों से महिलाओं और बच्चियों



के लिए कार्य कर रही हैं! पिछले दिसंबर मे इनके अच्छे और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिल्ली मे भी इनको अटल बिहारी वाजपेयी सम्मान से भी सम्मानित किया गया, कई. बार कोरोना वारियर्स से भी सम्मानित किया गया! जब कि शारीरिक रूप से उर्वशी सिँह खुद शुगर और ब्लड प्रेशर की मरीज है लेकिन कोई भी मदद की गुहार आने पर तुरंत तैयार हो जाती है! उर्वशी सिंह ने कहा कि आज समाज में कार्य करने पर उसके परिवार का पूरा सहयोग रहता! आज महिलाएं अगर एक दूसरे के साथ कदम से कदम मिलाकर चले तो इस समाज की एक अलग तस्वीर ही दिखेगी!

## जिलाधिकारी द्वारा जारी लाल प्रताप सिंह का चरित्र प्रमाण–पत्र निलम्बित

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि लाल प्रताप सिंह पुत्र स्व0 लल्लन सिंह, निवासी ग्राम रेहटी, थाना जलालपुर, जनपद–जौनपुर का चरित्र प्रमाण–पत्र पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के सी०बी०आर० के संस्तुति के क्रम में इस कार्यालय के प्रमाण पत्र संख्या–545/फार्म कीपर, जौनपुर, दिनांक 04–09–2020 द्वारा निर्गत किया गया है। जनता दर्शन के समय श्री बेदी राम, मा० विधायक, 373 – जखनियाँ गाजीपुर निवासी ग्राम व पो०–कुसियाँ, जिला जौनपुर द्वारा पत्रक प्रस्तुत किया गया है कि लाल प्रताप सिंह पुत्र स्व0 लल्लन सिंह के विरूद्ध अपराध संख्या–169/2021 स्टेट बनाम सुनील सिंह आदि धारा 147, 148, 149, 325, 342, 307, 392, 427, 504, 506 आई0पी0सी0 व 3(2)5 एस०सी०/एस०टी० एक्ट थाना जलालपुर, जिला जौनपुर न्यायालय न्यायाधीश स्पेशल एस०सी०/एस०टी० एक्ट, जौनपुर के न्यायालय में विचाराधीन है। मुकदमा विचाराधीन होने पर भी लाल प्रताप सिंह पुत्र स्व0 लल्लन सिंह द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र का उपयोग ठेकेदारी के कार्य में उपयोग किया जा रहा है, जिसे निरस्त किया जाना न्यायहित में आवश्यक है। अतः लाल प्रताप सिंह पुत्र स्व0 लल्लन सिंह, निवासी ग्राम–रेहटी, थाना–जलालपुर, जनपद जौनपुर का चरित्र प्रमाण पत्र संख्या–545/फार्म कीपर, जौनपुर, दिनांक 04–09–2020 को अग्रिम आदेशों तक के लिए निलम्बित किया जाता है। पुलिस अधीक्षक, जौनपुर की आख्या प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी, जौनपुर की अनुमति प्राप्त किये बिना भविष्य में प्रमाण–पत्र का प्रयोग किया जाता है तो उसे अवैध माना जायेगा तथा उपरोक्त की वसूली भी की जायेगी।

# राष्ट्रहित सभी हितों से सर्वोपरि –प्रो. राकेश कुमार

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध मानवेंद्र सिंह सुमन महाविद्यालय पेशारा में एनएसएस शिविर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें छात्र छात्राओं को पढ़ाई के साथ देश व समाज सेवा के लिए भी प्रेरित किया गया और समारोह पूर्वक शिविर का समापन किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक प्रोफेसर राकेश कुमार यादव ने कहा कि शिविर के माध्यम से जहां प्रशनैलिटी डेवलपमेंट होता है वही किसी भी क्षेत्र में कुछ करने का जज्बा भी बढ़ता है। राष्ट्रहित सर्वोपरि है इससे बड़ा कोई हित नहीं है। यह देश व समाज की सेवा विकास का मध्यम भी है। पढ़ाई के साथ–साथ संस्कार परंपरा जरूरतमंदों की मदद के साथ–साथ देश सेवा मे काम करना जरूरी है। शिविर के माध्यम से स्वास्थ, सफाई, समाज में फैली कुप्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि बेटियां अब सभी क्षेत्रों में अपने कौशल का लोहा मनवा रहे हैं बल्कि बेटों से आगे हर क्षेत्रों में हैं । समन्वयक डॉ राजबहादुर यादव ने कहा कि एनएसएस शिक्षा सेवा क्षेत्र में सबसे बड़ी संस्था है, जो असहाय




जरूरतमंदों की मदद के साथ ही गांव गिराव का विकास के साथ–साथ लोगों के अंदर अवरनेश लाने का काम करती हैं । सबको चाहिए कि शिविर के माध्यम से गांव गलियों ग्रामीणो किसानो में सरकारी योजनाओं व बीमारियों से बचने का अभियान चलाएं । अध्यक्षता कर रही प्रबंधक डॉ सुमन यादव ने छात्रों को सामाजिक विकास और अनुशासन का पाठ पढ़ाया । इसके बाद प्रबंधक में अतिथियों को अंगवस्त्रम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अंजूलता श्रीवास्तव, डॉ अनिल दवे, डॉ आलोक त्रिपाठी, डॉ गुलाबचंद, गंगा तिवारी, रवि यादव, योगेंद्र कुमार अमित कुमार, पवन पाठक मौजूद रहे।

## नवरात्रि में स्वच्छता के लिए 30 मार्च तक चलेगा 'स्वच्छोत्सव' अभियान

लखनऊ ब्यूरो : स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के तहत नवरात्रि के मद्देनजर सभी नगर निकायों में स्वच्छता के लिए 30 मार्च तक 'स्वच्छोत्सव' अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला को जिला, मंडल व राज्य स्तर पर 'नवदेवी सम्मान' दिया जाएगा। इस संबंध में राज्य मिशन निदेशक नेहा शर्मा ने सभी नगर निकायों को दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान में महिलाओं को नौ दुर्गा के स्वरूपों के मुताबिक नौ श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। जिससे महिलाओं को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया जा सके। नगरीय क्षेत्र में स्वच्छता कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रत्येक श्रेणी की तीन–तीन महिलाओं को जिला स्तर पर 20 मार्च तक नवदेवी सम्मान प्रदान किया जाएगा। दूसरे चरण में इन्हीं चयनित महिलाओं में से प्रत्येक श्रेणी की दो–दो महिलाओं को 25 मार्च तक मंडल स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। 30 मार्च तक स्वच्छता कार्य में अति उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रत्येक श्रेणी की एक–एक महिला को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। निदेशक ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर महिलाओं की भूमिका के अनुसार उनके कार्यों को नौ श्रेणियों में विभाजित कर सम्मानित किया जाएगा। पहले दिन (मां शैलपुत्री)– स्वयं सहायता समूह की (एसएचजी) महिलाओं जिसने स्वच्छता के क्षेत्र में स्वयं भी उल्लेखनीय कार्य किया हो और दूसरों को भी प्रेरित किया हो। दूसरा दिन (मां ब्रह्मचारिणी) –वेस्ट टू वेल्थ से महिला द्वारा अनुपयोगी वस्तुओं से ऐसी वस्तु बनाई जा रही हो, जिससे स्वयं आमदनी की जा रही हो और दूसरों को भी प्रेरित या सहयोग किया जा रहा हो। इसी तरह तीसरा दिन (मां चन्द्रघंटा)–अपशिष्ट प्रबंधन में उद्यमी (इन्टरप्रीन्योर इन वेस्ट मैनेजमेंट)–अपशिष्ट प्रबंधन को एक उद्योग के रूप में तैयार किया हो, जिससे लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ हो। चौथा दिन (मां कुष्मांडा)– उन सफाई मित्र को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने सफाई मित्र के रूप में सराहनीय कार्य किया हो। पांचवां दिन (मां स्कंदमाता)–मास्टर ट्रेनर को–स्वच्छता के क्षेत्र में मास्टर ट्रेनर के रूप में लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षण दिया हो। वहीं, छठा दिन (मां कात्यायनी)– नवाचार (इनोवेशन) स्वच्छता के क्षेत्र में महिला द्वारा कोई नवाचार किए जाने पर। सातवां दिन (मां कालरात्रि)– सामुदायिक खाद (कम्युनिटी कम्पोस्टिंग) में ऐसी महिला, जिसने सामुदायिक खाद बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया हो। आठवां दिन (मां महागौरी)–निकाय की स्थिति में परिवर्तन (ट्रांसफार्मेशन ऑफ यूएलबी/स्पेस) में ऐसी महिला को जिसके प्रयासों से निकाय की स्थिति में परिवर्तन आया हो, जिसमें निकायों का सौन्दर्यीकरण, साफ–सफाई, स्वच्छता के कार्यों में जन सहभागिता को बढ़ाया हो। नौवां दिन (मां सिद्धिदात्री)– सामुदायिक जागरूकता (कम्युनिटी अवेयरनेस) में महिला द्वारा समुदाय को स्वच्छता (थ्री आर–रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल एसयूपी) के संदर्भ में जागरूक किया जा रहा हो। ऐसे कार्यों को प्राथमिकता देने वाली महिलाओं और उनके समूहों को सम्मानित किया जाएगा।

## हर दिल ध्यान हर दिन ध्यान : तीन दिवसीय योग ध्यान शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार एवं हार्टफुलनेस रामचंद्र मिशन केंद्र जौनपुर के तत्वाधान में दूसरे दिन सूबे लाल मौर्या जी के पदुमपुर आवास पर कल दिनांक 15 मार्च को योग ध्यान



और सफाई के विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री रामचंद्र मिशन के प्रशिक्षक सुरेश चंद दुबे द्वारा योग के विषय पर उपस्थित सभी अभ्यासी भाई बहनों और ग्राम वासियों को योग प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रशिक्षक श्री स्कंद कुमार यादव एडवोकेट अध्यक्ष अधिवक्ता संघ शाहगंज तहसील जौनपुर द्वारा सभी को ध्यान से तनाव मुक्ति और आंतरिक सफाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जैसे शारीरिक मानसिक भावनात्मक तनाव से मुक्ति विचारों में संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा दी गई कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक श्री त्रिलोकी नाथ गुप्ता जौनपुर केंद्र प्रभारी द्वारा किया गया। सूबे लाल मौर्य जी द्वारा आए हुए प्रशिक्षक एवं अभ्यासी भाई बहन एवं सुदर्शन मौर्य एवं गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया गया साथ ही कार्यक्रम : के समापन के उपरांत सभी क्षेत्रवासियों को दिनाक 16 मार्च को प्रातः 8:00 बजे से शिविर के तीसरे दिन आने के लिए आग्रह किया।

# संस्थापक की मनाई गई पुण्यतिथि



जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा के सूर्य बली यादव महाविद्यालय के संस्थापक की पूण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई। जिसमें उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके शिक्षा सेवा के योगदान पर चर्चा की गई । सूर्यबली यादव महाविद्यालय देवकली सरायख्वाजा के संस्थापक स्वर्गीय रामआसरे यादव की पूण्यतिथि कालेज परिसर में समारोह पूर्वक मनाई गई। जिसमें इसमें प्राचार्य डा नीरज मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वर्गीय राम आसरे ने शिक्षा की अलख जगाई और शिक्षण संस्थान की स्थापना करके ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र छात्राओं को अच्छी सुविधा मिली। भाजपा नेता राजेंद्र यादव ने कहा कि वह हमेशा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए हमें प्रयासरत रहते थे। भाजपा नेता एवं सेक्टर संयोजक रामकृपाल ने कहा कि वह पूरी तरह से समाजसेवी थे उन्होंने हर समय सबकी मदद की और उनके पद चिन्हों पर चलकर आगे लोगों को शिक्षा संसाधन उपलब्ध कराने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर रामसिंगार यादव ,अमर बहादुर, डॉ सुरेंद्र प्रताप, कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष अमलदार यादव, महेंद्र प्रताप ,प्रशांत पांडे ,काशीनाथ ,अनिल कुमार यादव, बड़े लाल ,संतोष, हवलदार मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सुनील कुमार यादव ने प्रकट किया।

# उरूवा में तीन प्राइवेट अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग का छापा : 2 हुए सील

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्य चिकित्साधिकारी गोरखपुर व जिलाधिकारी गोरखपुर के निर्देश पर प्रभारी चिकित्साधिकारी





उरूवा की टीम ने कस्बे के तीन प्राइवेट अस्पतालों पर छापा मारा।जिसमे से दो निजी अस्पताल संचालकों द्वारा कागजात न दिखाने पर सील कर दिया गया।जब कि एक को कागजात दिखाने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे प्रभारी चिकित्साधिकारी उरूवा डॉ जेपी तिवारी की टीम पहले गोला रोड के ब्रम्हानंद यादव के वहां उसके बाद चाँदसी मेडिकल हाल पर पहुंची दोनों अस्पताल संचालकों द्वारा कागज न दिखाने पर उन्हें सील कर दिया गया।उसके बाद टीम सिकरीगंज रोड पर स्थित धन्वन्तरि मेडिकल पर पहुंची जहां टीम ने चार बेड का अस्पताल पाया गया।अस्पताल संचालक का कागजात अपंजीकृत पाए जाने पर संचालक को तीन दिन का समय दिया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुनील निषाद भी मयफोर्स उपस्थित थे।

## आलू भण्डारण में असुविधा होने पर सहायक उद्यान अधिकारी से करे सम्पर्क

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला उद्यान अधिकारी सुरेश कुमार ने जनपद के समस्त आलू उत्पादक किसानों को सूचित किया है कि जनपद के कुल 32 शीतगृह, संचालित हैं जिनकी भण्डारण क्षमता 212696.08 मी०टन है जिसके सापेक्ष कुल 186368 मी०टन० आलू भण्डारित है। जिन कृषक भाईयों का आलू भण्डारण हेतु अवशेष है वह मे0 हरदोई कृषक सहकारी शीतगृह, हरदोई, मे0 तोमर कोल्ड स्टोरेज माल रोड अतरौली, हरदोई एवं मे० अंजनी शीतालय इंटरनेशनल प्रा०लि० जिलगांव तहसील सवायजपुर, हरदोई में अभी आलू भण्डारण हेतु जगह खाली है। जिन कृषक भाईयों को अपना आलू भण्डारण में कोई असुविधा हो रही है वह उक्त शीतगृहों में जाकर कर आलू भण्डारित कर सकते हैं। आलू भण्डारण से सम्बंधित किसी प्रकार की समस्या होने पर शीतगृह प्रभारी अजय कुमार वर्मा, सहायक उद्यान निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

# योगी सरकार का एक निर्णय और छद्म धर्मनिरपेक्ष बेचैन –मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के एक निर्णय से छद्म धर्मनिरपेक्ष दल बहुत बैचेन और व्यग्र हैं। चिंता में हैं कि अब उनकी तुष्टिकरण की राजनीति का क्या होगा ? प्रदेश की राजनीति में अभी तक कहा जाता रहा है कि दिवंगत सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव चरखा दांव चलाया करते थे लेकिन इस बार असली चरखा दांव योगी आदित्यनाथ जी ने चल दिया है और मुस्लिम तुष्टिकरण तथा जातिवादी नेताओं को चित्त कर दिया है। जो लोग रामचरित मानस जैसे दिव्य व पवित्र ग्रंथ की कुछ चौपाईयों का गलत अर्थ निकालकर हिंदू समाज में जातिभेद व विवाद उत्पन्न कर अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने का प्रयास कर रहे थे अब सकते में हैं। ये लोग यह सोच रहे थे कि प्रदेश में भगवा लहर को सनातन धर्म और सनातन संस्कृति के आस्था के केंद्रो और धर्मग्रंथों का दुष्प्रचार करके और प्रदेश की सामाजिक समरसता का वातावरण दूषित करके रोका जा सकता है। प्रदेश सरकार ने आगामी 22 मार्च से 30 मार्च तक दुर्गा मंदिरों और शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती के पाठ, देवी जागरण व गायन के कार्यक्रम कराने का आदेश तो जारी किया ही है साथ ही अष्टमी और श्रीरामनवमी के दिन अखंड रामायण का पाठ कराने का आदेश भी जारी किया है। नवरात्रि के पावन अवसर पर इन कार्यक्रमों में महिलाओं एवं बालिकाओं सहित जनसहभगिता को बढ़ाने पर बल दिया गया है। इन सभी कार्यक्रमों के अवसर पर मंदिर परिसरों में विकास कार्यों एवं बुनियादी सुविधाओं की होर्डिंग भी लगेंगी। इन आयोजनों को भव्यता प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति चयनित देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में कलाकारों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। प्रदेश में पहली बार प्रशासन स्तर पर देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने जा रहे हैं। वर्तमान परिदृष्य में समाजिक व राजनीतिक दृष्टिकोण से यह आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण हैं क्यांकि अभी तक प्रदेश में जितनी भी तथाकथित धर्मनिरपेक्ष सरकारें रहीं उनके कार्यकाल में केवल और केवल मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति का विकृत दौर ही देखा गया है। सर्वाधिक आश्चर्य की बात यह है कि सरकार के इस निर्णय का आज वही दल विरोध कर रहे हैं जिनके कार्यकाल में राजभवन व मुख्यमंत्री आवास रोजा इफ्तार का केंद्र बन जाते थे। आज समाजवादी दल जो सरकार के इस फैसले का विरोध कर रही है उसी के कार्यकाल में कब्रिस्तानों के निर्माण के लिए 1200 करोड़ रूपये जारी हुए थे मंदिरों में रामायण पाठ का विरोध वो लोग कर रहे है जिन्होंने या तो भगवान राम को काल्पनिक बता रखा है या रामचरित मानस का अपमान किया है । यह वही लोग हैं जिनके मुखिया दिवंगत मुलायम सिंह यादव ने अयोध्या में निहत्थे रामभक्तों का नरसंहार किया था। सरकार के निर्णय का आदेश आने के बाद समाजवादी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर जहरीला बयान दिया कि अब, जब आम जनमानस ने स्वतः रामचरित मानस का पाठ करना बंद कर दिया है तब सकरार अपने धन से मंदिरों में रामायण पाठ कराने जा रही है।स्वामी प्रसाद का यह बयान बहुत ही विकृत व झूठा है। स्वामी प्रसाद का बयान कि, "इस प्रकार का आयोजन महिलाओं, दलितों, पिछड़ों का अपमान है" बहुत ही मूर्खतापूर्ण व राजनैतिक ईर्ष्यावश दिया गया बयान है। तथ्य यह है कि आज प्रदेश की राजनीति में स्वामी प्रसाद जैसे तथाकथित जातिवादी राजनैतिक नेताओं को कोई कोई भाव नहीं दिया जा रहा है। स्वामी प्रसाद जैसे नेताओं को यह पता ही नहीं है कि जब से उन्होंने रामचरित मानस का झूठा विमर्श गढ़ा है तब से हिंदू समाज ही नहीं अन्य विद्वान व नागरकि वर्ग भी रामचिरत मानस को एक बार फिर पढ़ रहा है। गीता प्रेस जो रामचरित मानस के प्रकाशन और



विपणन का प्रमुख संस्थान है उसके अनुसार स्वस्मी प्रसाद मौर्या के मानस विरोधी कृत्य के पश्चात् मानस की बिक्री में वृद्धि हुयी है। विगत दिनों दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेले में भी लोगों ने रामचरित मानस में रुचि दिखाई और पहले ही दिन दो सौ से अधिक प्रतियां बिक गयीं। समाजवादी दल के सभी मुस्लिम सांसद, मुस्लिम लीग, कांग्रेस, बहुजन समाजवादी पार्टी व एआईएएम भी सरकार के निर्णय का कड़ा विरोध कर रहे हैं तथा सरकार से सवाल कर रहे हैं कि आप रमजान में मुस्लिम समाज के लिए क्या कर रहे हैं? इन तथाकथित दलों की नजर में यह संविधान विरोधी कदम है। सपा मुखिया बयान दे रहे हैं कि यह रकम तो बहुत कम है अपितु इस काम के लिए सरकार को कम से कम दस करोड़ देने चाहिए थे। भाजपा सरकार की ओर से मंत्री जयवीर सिंह का बयान आया है कि सरकार भारतीय संस्कृति व परम्पराओं को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के कदम उठाती रहेगी साथ ही अगर आवश्यकता पड़ी तो ऐसे आयोजनों के लिए सरकार और अधिक धन राशि जारी करेगी। प्रदेश सरकार ने इस प्रकार का आयोजन करके हिंदू समाज को एक बहुत बड़ा उपहार दिया है और वह भी उस समय जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। योगी सरकार ने अपने इस कदम से अनेक लक्ष्यों पर सटीक निशाना साधा है। योगी जी के इस दांव से भाजपा यह सिद्ध करने में सफल हो रही है कि सभी धर्मनिरपेक्ष विरोधी दल असल में हिंदू विरोधी हैं। यह सभी दल सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या पर जो ऐतिहासिक फैसला सुनाया है उसे मन ही मन पचा नहीं पा रहे हैं। आगामी एक जनवरी को राम मंदिर का भव्य उद्घाटन होने के साथ ही इन दलों का राजनीतिक भविष्य अंधकारमय होने जा रहा है यही कारण है कि यह दल पूरी ताकत के साथ एक बार फिर हिंदू समाज व संस्कृति पर कुठाराघात कर रहे हैं। योगी जी ने विधानसभा सत्र में ही रामचरित मानस की चौपाइयों की सुन्दर व्याख्या करके स्वामी प्रसाद मौर्या जैसे लोगों को पहले ही धूल चटा दी थी साथ ही अपना राजनैतिक कौशल दिखाते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव को भी अपनी पिच पर खेलने के लिए मजबूर कर दिया है। उधर बसपा मुखिया मायावती जी भी अखिलेश यादव की परेशानियां बढ़ाने के लिए तैयार हैं। अखिलेश यादव स्वयं तो सरकार के निर्णय का खुलकर विरोध नहीं कर पाये लेकिन अपनी पार्टी के नेताओं से बयान दिलवा रहे हैं। प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से ही प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा तो दिया ही जा रहा है साथ ही ऐसे निर्णय व आयोजन भी किए जा रहे हैं जिनसे सनातन संस्कृति व परम्पराओं का प्रचार– प्रसार भी हो रहा है। योगी सरकार ने सत्ता संभालने के बाद से ही प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयोजन आरम्भ किया। भव्य दीपोस्तव के आयोजन में दीपों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। काशी मे भव्य कारिडोर का निर्माण हो चुका है जबकि मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि कारिडोर का काम आरम्भ होने जा रहा है। मुख्यमंत्री मथुरा में होली खेलने भी जाते रहे हैं।सावन के महीने में योगी सरकार में कांवड़ियों पर हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की जा रही है जिसमे स्वयं मुख्यमंत्री भी भाग लेते होते हैं। दिव्य भव्य कुम्भ के अतिरिक्त प्रदेश सरकार प्रयागराज में माघ मेले का भव्य आयोजन भी कर चुकी है, माघ मेला के अवसर पर प्रयागराज में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिली व स्नान करने योग्य गंगा जल भी मिला। विंध्याचल और नैमिषारण्य जैसे तीर्थ भव्यता प्राप्त कर रहे हैं। स्पष्ट है कि आगामी दिनों में प्रदेश सरकार सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन करवाती रहेगी। छद्म धर्मनिरपेक्ष अपनी दोहरी विकृत राजनीति के चलते इसका विरोध करेंगे । वही प्रदेश का सामान्य जन अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति और भारतीय संस्कृति के गौरव की स्थापना के लिए योगी जी को अपना समर्थन और प्रबल करता जाएगा।

# स्वस्थ समाज के निर्माण में प्राथमिक शिक्षा की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण –डॉ गोरख नाथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : किसी भी स्वस्थ समाज के निर्माण में प्राथमिक शिक्षा की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है, क्योकि इस आयु में जो संस्कार बच्चों में पड़ जाते हैं वे आजीवन आधारस्वरूप चलते रहते हैं। इस प्रकार प्राथमिक शिक्षा का एक कार्य आगे की शिक्षा की नींव तैयार करने और भावी नागरिकों के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण और आवश्यक है। उक्त विचार प्राथमिक विद्यालय अभयचंद पट्टी,करंजाकला, जौनपुर में आयोजित 'उत्साह संवर्धन एवं शैक्षिक समागम ' संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रधानाध्यापक श्रीकांत यादव, सहायक अध्यापक ज्योति व परविंद कुमार चौहान, शिक्षामित्र कुमकुम मिश्रा व तेज बहादुर यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षाविद डॉ ब्रजेश कुमार यदुवंशी, नरेन्द्र प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान हीरालाल यादव, डॉ शिवनारायण यादव, भावना श्रीवास्तव,



अर्चना सिंह, अर्चना द्विवेदी,मो शाद, राजेश यादव, साधना विंद, देशबंधु यादव , जयसिंह यादव, सौरभ श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार यादव व आभार प्रधानाध्यापक श्रीकांत यादव ने प्रकट किया।

# सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद यूपी में शहरी बेघर गरीबों का होगा थर्ड पार्टी सर्वेक्षण : तैयारी शुरू

लखनऊ ब्यूरो : सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद अब शहर में रहने वाले बेघर गरीबों का थर्ड पार्टी सर्वेक्षण कराया जाएगा। इसके लिए राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश में पिछले साल बेघर गरीबों के लिए शेल्टर होम बनाने की जांच कराई गई थी। इसमें कई शहरों की प्रगति काफी खराब मिली थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए बेघर लोगों की थर्ड पार्टी से सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के इससे पहले के आदेश पर शहरों में रहने वाले निराश्रित व बेघर लोगों के लिए शेल्टर होम बनाने की योजना शुरू की गई थी। इसकी जिम्मेदाररी राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (शहरी) को सौंपी गई थी। मानक के मुताबिक एक लाख की आबादी पर कम से कम एक शेल्टर होम बनाने थे। वहीं, गरीबों को चिह्नित करने के लिए वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक सर्वे कराया गया था। इसमें प्रदेश भर में सिर्फ 1,54,101 लाभार्थी मिले थे। इनमें से 80 हजार लाभार्थी अकेले कानपुर में होने की बात कही गई थी। इसके आधार पर में शेल्टर होम बनाने का काम शुरू हुआ लेकिन बीते तीन साल में मानक के मुताबिक शेल्टर होम का निर्माण नहीं हो पाया। शेल्टर होम निर्माण की प्रगति थी खराब पिछले साल कराए गए सर्वे में शहरी बेघरों के लिए शेल्टर होम निर्माण में यूपी की प्रगति को काफी खराब पाया गया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति ने इस स्थिति को देखते हुए अपनी रिपोर्ट में यूपी को पूअर परफॉर्मर स्टेट करार दिया था। तो कानपुर शहर को सबसे खराब बताया गया था। वहीं, शेल्टर होम की स्थिति के जांच के लिए गठित समिति ने भी सुप्रीम कोर्ट



को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर चिह्नित किए गए लाभार्थियों के लिए जितने शेल्टर होम बनाए जाने चाहिए थे, उतने नहीं बने हैं। सूडा ने रखा सुप्रीम कोर्ट में पक्ष अब सूडा ने बेघर गरीबों के आंकड़े को भ्रामक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा है कि प्रदेश में कुल 1.54 लाख बेघर लाभार्थियों में से अकेले कानपुर में 80 हजार बेघर होने की बता कही गई है, जो व्यावहारिक नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शहरों में बेघर गरीबों का फिर से सर्वेक्षण कराया जाए और इस बार यह सर्वेक्षण थर्ड पार्टी एजेंसी से कराया जाए। इसके आधार पर सूडा ने थर्ड पार्टी से सर्वेक्षण कराने के लिए एजेंसी चयन करने का निर्देश जारी कर दिया है। हर निकायों में अलग–अलग एजेंसियों से सर्वेक्षण कराई जाएगी।

# उत्कृष्टता के साथ सहभागिता : भारत में टेक विजार्ड ने पेश किया तोशिबा एमएफपी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। टेक विजार्ड (टी डब्ल्यू) को यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हम अपने वेंचर में एक अनमोल रत्न तोशिबा प्रिंटर को जोड़ा है। टेक विजार्ड ने तोशिबा सिंगापुर के उनके प्रिंटर उत्पाद के लिए भारतीय प्रतिनिधि के तौर पर टाई–अप (समझौता) किया है। यह जानकारी टेक विजार्ड आईटी एंड इंफ्रा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के एमडी आशीष शुक्ला ने इस समझौते की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि गुड़गांव में वर्ष 2015 में एक स्टार्ट अप के तौर पर शुरूआत करने वाले टेक विजार्ड वर्तमान में 2,000 से अधिक ग्राहकों को सेवा दे रहा है। कंपनी चुनिंदा मूल निर्माताओं के सहयोग के साथ भविष्य के विस्तार और इस संबंध में उत्पादों को बाजार में लाने की योजना बना रही है। इस श्रृंखला में टेक विजार्ड ने जापान की विश्व प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) तोशिबा के साथ ऑफिस प्रिंटिंग रेंज के लिए भारतीय प्रतिनिधि और व्यापार के लिए करार किया है। इसी क्रम में टेक विजार्ड पूरे देश में तोशिबा प्रिंटिंग उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला सरकार, नौकरीपेशा, स्कूल, एसएमबी और बड़े कॉर्पोरेट सहित सभी प्रकार के ग्राहकों की मांगों को पूरा करने के लिए आक्रामक तरीके से बाजार में बढ़त बनाने की तैयारी कर रही है। तोशिबा के सभी उत्पादों में इसके सभी मॉडलों में पेन ड्राइवध्यूएसबी से प्रिंट के अलावा अन्य हाई–टेक विशेषताएं हैं जो अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ हैं। इसके अलावा, इन मॉडलों में टोनर की गुणवत्ता दूसरे कंपनी के प्रिंटर की तुलना में बहुत अधिक उपयोगी होती हैं जो उन्हें सभी उपयोगकर्ताओं के लिए आदर्श बनाती हैं। ज्ञात रहे कि तोशिबा 70 साल से भी अधिक पुरानी विश्वस्तरीय कंपनी है। उसके दुनिया भर में 7 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हैं, 72 ग्रुप ऑपरेटिंग कंपनियाँ और 18,000 कर्मचारी हैं। टीडब्ल्यू तोशिबा के बिजनेस हेड अंजन श्रीवास्तव, पूरे भारत में अपनी उपस्थिति के साथ गतिशील और पेशेवर टीम के माध्यम से अगले 2 वर्षों के भीतर दो अंकों की बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए आश्वस्त हैं। टेक विजार्ड के पास समर्पित 200 चौनल भागीदारों के माध्




यम से अगले 2 वर्षों के भीतर सभी टियर 2ध्3 में विस्तार करने की मजबूत योजना है। पिछले 2 महीनों के भीतर, कंपनी ने पूरे देश में 30 डीलर नियुक्त किए हैं, जो आने वाले वर्षों में टेक विजार्ड के साथ व्यापार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टेक विजार्ड सक्षम उद्योग पेशेवरों टीम के माध्यम से डीलरों को बाजार और प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करने में महारत रखता है। हमारे सभी उत्पाद अत्याधुनिक तकनीक के साथ ग्राहकों 100: संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला और कस्टमर केयर सिस्टम को तैयार किया गया है। अपने ग्राहकों के लिए टी डब्ल्यू एक मोबाइल ऐप "मअंन" पेश करेगा, जिसके लिए ऑर्डर करना आसान और सुविधाजनक होगा और इनवॉइस बनाना आसान होगा। यह ऑटो अलर्ट और उचित ऑर्डर ट्रैकिंग को भी संचालित करने में सक्षम होगा। टेक विजार्ड के अन्य वेंचर टेक विजार्ड प्रिंटर के व्यापार के साथ इंटरएक्टिव पैनल्स और फर्नीचर जैसे वेंचर में मजबूती के साथ अन्य उत्पादों में प्रवेश करने की है। जो विशेष रूप से शिक्षा क्षेत्र को लक्षित करती है। इसे ध्यान में रखते हुए कंपनी ने इसी उद्योग के प्रमुख निर्माताओं के साथ करार किया है। टी डब्ल्यू को दोनों उद्योगों में त्वरित विकास करते हुए अगले 2 वर्षों के भीतर कंपनी का 300 करोड़ के टर्न–ओवर तक पहुंचने का भरोसा है। टी डब्ल्यू अपने सामाजिक सहभागिता कार्यक्रम के साथ देश में रोजगार प्रदान करने और युवाओं के भविष्य को संवारने में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में एमडी आशीष शुक्ला के नेतृत्व में टीम के अधिकांश सदस्यों के पास अच्छा प्रासंगिक अनुभव है, जो भारत में विभिन्न कार्यालय स्वचालन कंपनियों में शीर्ष पदों पर अपनी सेवा दी है। इस अवसर पर तोशिबा टीईसी सिंगापुर के वर्कप्लेस सॉल्यूशंस डिवीजन के महाप्रबंधक ताकेशी किमूरा ने अपने संदेश में कहा कि "भारत के बाजार में समाधानों के लिए तैयार मल्टीफंक्शन सिस्टम के लिए अवसर बहुत बड़े हैं, जो अत्यधिक कुशल ऑफिस ऑटोमेशन समाधानों को जोड़ते हैं। हम इस क्षमता को विकसित करने के लिए आने वाले महीनों और वर्षों में आशीष शुक्ला और टीम के साथ काम करने की उम्मीद करते हैं। इस अवसर पर टेक विजार्ड के अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश, तोशिबा इंडिया प्रतिनिधि पुनीत वर्मा– तोशिबा इंडिया प्रमुख भी इस अवसर मौजूद थे।

# मुंबई से युवक का शव लेकर आए एंबुलेंस को बनाया बंधक : मुआवजा लेने के बाद छोड़ा

सोनभद्र ब्यूरो : रोजी–रोटी की जुगाड़ में मुंबई गए सोनभद्र के ग्राम पंचायत कचनरवा के टोला नेरुईआदामर निवासी युवक की वहां संदिग्ध हाल में मौत हो गई। गुरुवार को एंबुलेंस से शव घर पहुंचा तो लोग उग्र हो गए। एंबुलेंस को बंधक बना लिया और मुआवजे की मांग करते हुए ठेकेदार को बुलाने की मांग की। पुलिस के हस्तक्षेप और मुआवजे




की रकम मिलने पर ग्रामीण शांत हुए। घरवालों से मिली जानकारी के अनुसार दिनेश जीविकोपार्जन के लिए ठेकेदार के कहने 11 माह पहले मुंबई काम करने गया था। बीच में कई बार घर आने का प्रयास किया, मगर ठेकेदार की तरफ से उसे छुट्टी नहीं दी गई। बताया जा रहा है कि सोमवार शाम फैक्ट्री में काम करते समय दिनेश के सिर पर प्लाईवुड गिर गया था। शव देखते ही परिजनों में मचा कोहराम घटना में दिनेश के सिर में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौत हो गई। शव लेकर एंबुलेंस गुरुवार सुबह गांव पहुंचा। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घरवालों के साथ ही ग्रामीण एंबुलेंस को बंधक बनाकर मुआवजे की मांग करने लगे। घंटों बाद ग्राम प्रधान कुड़वा सुजीत यादव उर्फ बुल्लू, दीपक जायसवाल और थाना प्रभारी के हस्तक्षेप पर ठेकेदार ने एक लाख रुपये मृतक के पिता के खाते मे मुआवजा के तौर पर ट्रांसफर किया। घंटों बाद एंबुलेंस को छोड़ दिया गया। पुलिस के मुताबिक मृतक दिनेश तीन भाइयों मे सबसे बड़ा था। दिनेश काम करके अपने घरवालों की आजीविका चलाता था। दोपहर बाद घरवाले दाह संस्कार करने मे जुटे रहे।

# रफ्तार का कहर : हादसे में मासूम की मौत के बाद परदादी ने भी तोड़ा दम : सदमे में तीन अन्य की हालत बिगड़ी

सोनभद्र ब्यूरो : यूपी के सोनभद्र जिले के विजवार गांव में बुधवार शाम हुए हादसे में घायल मासूम की मौत के बाद देर रात परदादी ने भी दम तोड़ दिया। कुछ घंटे के अंतराल में ही दो मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। घर वालों का रो–रोकर बुरा हाल है। इस हादसे के सदमे में वृद्धा के पुत्र समेत परिवार के तीन सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें वैनी सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर के न होने पर दोनों को जिला अस्पताल भेज दिया गया। रायपुर थाना क्षेत्र के पटवध मोड़ के पास बुधवार शाम विजवार निवासी शिवकुमारी देवी (70) अपने प्रपौत्र शिव (2) पुत्र आकाश को लेकर घर की ओर जा रही थी। पटवधा मोड़ के पास वैनी से राबर्ट्सगंज की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रुप से घायल दादी और पोते को वैनी सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर मासूम की मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर गुस्साए लोगों ने खलियारी–राबर्ट्सगंज मार्ग को जाम कर दिया था। पुलिस ने काफी मशक्कत से लोगों को समझा–बुझाकर जाम समाप्त कराया। रातभर मची रही भागदौड़ शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजन शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तब तक शिवकुमारी देवी की भी तबीयत बिगड़ गई। उसे वाराणसी रेफर किया गया, मगर तब तक उसकी मौत हो



गई। घर में दो मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। शिवकुमारी देवी के शव को रात में ही परिजन घर लाए। घटना से आहत महिला के बड़े बेटे ओमप्रकाश सहित परिवार के तीन सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें गुरुवार सुबह सीएचसी वैनी लाया गया। आरोप है कि वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। नाराज लोगों ने हंगामा मचाना शुरू किया तो प्रभारी चिकित्साधिरी डॉ. एसके वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी में डॉ. सत्येंद्र और डॉ. अमित की ड्यूटी लगी थी। यह लोग नहीं आए हैं, जिसकी शिकायत सीएमओ से की गई है।

# 18 हजार रोडवेज कर्मियों को 11 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा : आठ हजार तक बढ़ेगा वेतन

लखनऊ ब्यूरो : रोडवेज के 18 हजार कर्मचारियों को 11 फीसदी महंगा भत्ता देने की मंजूरी मिल गई है। सार्वजनिक उद्यम विभाग की अध्यक्षता में गठित इम्पावर्ड कमेटी ने इसकी मंजूरी दे दी। कमेटी के इस निर्णय से इन्हें अब 28 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। भत्ता एक जनवरी, 2023 से प्रदान किया जाएगा। इससे कर्मचारियों के वेतन में आठ हजार रुपये तक की वृद्धि हो जाएगी। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने बताया कि कर्मचारियों को अभी तक 17 फीसदी महंगाई भत्ता मिल रहा था। परिषद की ओर से राज्यकर्मियों को मिल रहे 38 फीसदी महंगाई भत्ते की मांग की उठाई गई थी। इस पर कमेटी ने 11 फीसदी महंगाई भत्ते को मंजूर किया है। इससे कर्मचारियों के वेतन में 2500 से 8000 रुपये तक प्रतिमाह वृद्धि होगी। उप्र कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी रजनीश मिश्र ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के साथ महंगाई भत्ते सहित कई मांगों पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात की गई थी, जिसके तहत यह वृद्धि स्वीकृत की गई है।

# विकासखंड करंजकला जनपद जौनपुर का किया गया आकस्मिक सघन निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में 16 मार्च 2023 को जनपद स्तरीय टास्क फोर्स टीम जिसमे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त 22 खंड शिक्षा अधिकारी एवं 6



जिला समन्वयक के द्वारा विकासखंड करंजकला जनपद जौनपुर का आकस्मिक सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय 18 सहायक अध्यापक, 07 शिक्षामित्र एवं 01 अनदेशक अनुपस्थिति पाये गये। सभी अनुपस्थिति शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों का निरीक्षण तिथि का वेतन/मानदेय अवरुद्ध किया गया है।

# अनियंत्रित होकर पलटी तहसीलदार की बोलेरो बाल–बाल बचीं : आई मामूली चोट

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ जनपद की तहसील गभाना के तहसीलदार की बोलेरो बच्चों को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे तहसीलदार मामूली रूप से घायल हो गईं। गभाना के राज्य मार्ग भरतरी के पास बृहस्पतिवार को तहसीलदार गभाना की बोलेरो गाड़ी सड़क पार कर रहे दो बच्चों को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में तहसीलदार मामूली रुप से घायल हो गईं। गभाना तहसीलदार ऊषा सिंह बोलेरो गाड़ी से अपने चालक प्रेमपाल सिंह के साथ तहसील मुख्यालय आ रहीं थी। जैसे ही राजमार्ग भरतरी के पास पहुंची, तो दो बच्चों को बचाने के प्रयास में बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में तहसीलदार मामूली रुप से घायल हो गईं हैं। सूचना पर एसडीएम केबी सिंह, नायब तहसीलदार संदीप चौधरी मौके पर पहुंच गए और घटना के बारे में जानकारी ली।

# होम्योपैथिक फार्मेसिस्टो ने दिया विशाल धरना : फार्मेसिस्ट फेडरेशन ने किया समर्थन जल्द नियुक्ति किए जाने की मांग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 2019 से नियुक्ति की बाट जो रहे होम्योपैथिक फार्मेसी स्टोर ने आज सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर इको गार्डन मैं धरना दिया और अपनी नियुक्ति की मांग की धरने को फार्मासिस्ट फेडरेशन ने समर्थन देते हुए फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने धरने को संबोधित किया और माननीय मुख्यमंत्री जी से हस्तक्षेप का अनुरोध किया उन्होंने कहा कि बेरोजगार फार्मासिस्ट 2019 से परेशान है जिनकी नियुक्ति बेवजह विवादित बनाई जा रही है। ज्ञातव्य है कि होम्योपैथिक विभाग की फार्मासिस्ट भर्ती, विज्ञापन संख्या 02–परीक्षा /2019( न्वै ) में चयनित होम्योपैथिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों द्वारा 4 साल से लंबित फार्मासिस्ट भर्ती में नियुक्ति ना होने के संबंध में अपनी मांगों को लेकर इको गार्डन में अनवरत चलने वाले आमरण अनशन का प्रारंभ किया। अभ्यर्थियों का कहना है कि होम्योपैथिक फार्मासिस्ट भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में माह फरवरी, 2019 से चल रही है। विज्ञापन जारी होने के लगभग 2 वर्ष 6 माह पश्चात आयोग ने उक्त भर्ती का अंतिम चयन परिणाम 22 नवंबर 2021 को जारी किया था। आयोग द्वारा जारी किए गए अंतिम चयन परिणाम में ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में चयन को लेकर असफल अभ्यर्थियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में वाद दायर किए गए। माननीय उच्च न्यायालय की इलाहाबाद खंडपीठ ने आयोग द्वारा जारी किए गए अंतिम चयन परिणाम को सही मानते हुए ईडब्ल्यूएस कैटेगरी से संबंधित सभी वादों को खारिज करके नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए थे, जबकि माननीय उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने ईडब्ल्यूएस कैटेगरी की मात्र 10: सीटों पर ही रोक लगाई थी एवं अतिरिक्त सीटों पर आयोग को नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र कर दिया है। किंतु उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अपने मनमानी रवैये को बरकरार रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी




दशा में अग्रेषित नहीं कर रहा है। फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों का आरोप है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की सुस्त कार्यप्रणाली एवं ईडब्ल्यूएस केस निस्तारण के लिए आयोग एवं शासन द्वारा नियुक्त महाधिवक्ता ध् अपर महाधिवक्ता एवं मुख्य अधिवक्ता द्वारा केस की सुनवाई के दौरान न्यायालय में उपस्थित ना होने की वजह से होम्योपैथिक फार्मासिस्ट भर्ती विगत 4 वर्षों से लंबित पड़ी है। आयोग लंबित वादों के निस्तारण एवं भर्ती प्रक्रिया को पूरी करने में कोई रूचि नहीं दिखा रहा है। आयोग द्वारा असफल अभ्यर्थियों की वजह से समस्त सफल चयनित अभ्यर्थियों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया में हो रहे विलंब के चलते चयनित बेरोजगार होम्योपैथिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थी एवं उनके परिजन सामाजिक, मानसिक, आर्थिक तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ना झेल रहे हैं।होम्योपैथिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों की मांग है कि आयोग एवं शासन द्वारा ईडब्ल्यूएस केस निस्तारण के लिए नियुक्त महाधिवक्ता / अपर महाधिवक्ता एवं मुख्य अधिवक्ता केस की सुनवाई के दौरान न्यायालय में उपस्थित होकर फार्मासिस्ट भर्ती को कोर्ट के समस्त वाद–विवादों से मुक्त कराते हुए नियुक्ति प्रक्रिया जल्द से जल्द अग्रेषित करें जिससे समस्त चयनित अभ्यर्थी अपने परिवार का उचित भरण पोषण कर सके।

# स्मार्ट प्री–पेड मीटर के लिए केंद्र ने यूपी पर बढ़ाया दबाव : योजना में देरी पर रुक सकता है बजट

लखनऊ ब्यूरो : केंद्र सरकार ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने को लेकर प्रदेश पर दबाव बढ़ा दिया है। जल्द से जल्द प्रीपेड मीटर लगाने के मामले में फैसला लेने के लिए कहा है। योजना के क्रियान्वयन में देरी होने पर पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) का बजट रोकने की भी बात कही है। इस संबंध में केंद्रीय ऊर्जा सचिव आलोक कुमार ने प्रदेश के मुख्य सचिव डीएस मिश्रा को पत्र लिखा है। इस पत्र के आने के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन में सक्रियता बढ़ी है। अब बीच का रास्ता निकालने की रणनीति बन रही है। प्रदेश में करीब 2.5 करोड़ स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन की ओर से टेंडर जारी किए गए। टेंडर के प्रस्ताव के मुताबिक हर मीटर की कीमत करीब नौ से 10 हजार रुपये पड़ रही है। जबकि इस्टीमेटेड कीमत छह हजार रुपये प्रति मीटर है। यूपी पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने प्रति मीटर अधिक मूल्य होने के मामले में ऊर्जा मंत्रालय से भी सलाह ली, लेकिन वहां से फैसला कॉरपोरेशन पर छोड़ दिया गया। इस बीच मध्यांचल ने टेंडर रद्द कर दोबारा आवेदन मांगे, लेकिन निर्धारित समय तक दोबारा किसी कंपनी ने टेंडर नहीं डाला है। जबकि दक्षिणांचल, पश्चिमांचल, पूर्वांचल की टेंडर प्रक्रिया भी अटकी हुई है। ऐसे में अभी तक प्रदेश में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की कवायद शुरू नहीं हो सकी है। इस मामले को लेकर केंद्र सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। पत्र के बाद कारपोरेशन में हलचल केंद्रीय ऊर्जा सचिव आलोक कुमार ने मुख्य सचिव डीएस मिश्रा को पत्र लिखकर कहा है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर का कार्य अक्तूबर 2022 में शुरू हो जाना चाहिए था, लेकिन अभी तक नहीं हुआ। इस पर जल्द से जल्द विचार कर कार्य शुरू कराया जाए। कार्य शुरू करने में देरी होने




पर पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) का बजट रोका जा सकता है। केंद्र के इस पत्र के बाद कॉरपोरेशन में हलचल मची हुई है। इस मुद्दे पर आला अफसरों की दो चरण में बैठक भी हो चुकी है। फिलहाल इस मुद्दे पर कॉरपोरेशन के अफसर खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। अपर मुख्य सचिव महेश गुप्ता ने कहा कि जल्द से जल्द स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की कवायद चल रही है। आठ क्लस्टर में जारी हो सकते हैं टेंडर भारत सरकार के अधीन रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड ने स्टैंडर्ड बिल्डिंग गाइडलाइन में प्रति मीटर की दर छह हजार की एस्टिमेटेड कॉस्ट तय किया है। जबकि, टेंडर में मीटर की कीमत करीब नौ से 10 हजार रुपये दी जा रही है। इस बीच उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद टेंडर प्रक्रिया चार कलस्टर के बजाय कम से कम आठ कलस्टर में कराने की मांग शुरू कर दी है। ऐसे में सभी निगमों के टेंडर निरस्त कर आठ कलस्टर में टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा कंपनियां हिस्सा लेंगी। आठ कलस्टर होने से जल्द ही कार्य भी पूरा हो सकेंगे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।